(11)

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय , हल्द्वानी (नैनीताल)
UTTARAKHAND OPEN UNIVERSITY, HALDWANI (NAINITAL)

पत्रांक: यू0ओ0यू0/परीक्षा/414(16)/2018/ दिनांक 31/01/2018

कार्यालय आदेश

विश्वविद्यालय वार्षिक/सेमेस्टर परीक्षा – जून-जुलाई 2018 में आयोजित होने वाली मुख्य परीक्षा,बैक एवं सुधार परीक्षा के लिए बैक परीक्षा आवेदन व सुधार परीक्षा आवेदन (Back Examination form /Improvement Examination form) जमा करने, परीक्षा केन्द्र परिवर्तन, फीस समायोजित करने की तिथि के संबंध में अति आवश्यक सूचना।

विद्यार्थी ध्यान दें कि----- जिनके द्वारा (ग्रीष्मकालीन सत्र (वार्षिक) जुलाई/अगस्त -2017 में प्रवेश लिया गया है एवं शीतकालीन सत्र (सेमेस्टर) जनवरी/फरवरी-2018 में प्रवेश लिए जाना है) और जिनके द्वारा बैक व सुधार परीक्षा हेतु आवेदन किया जाना है वह निम्न बिन्दुओं का अवलोकन करें।

1- उपरोक्त परीक्षा के लिए बैक फार्म एवं सुधार परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.uou.ac.in पर आर्फलाइन व ऑनलाइन भरे जाने हेतु उपलब्ध है।

2- संबंधित फार्म जमा न किये जाने पर परीक्षार्थियों को किसी भी दशा में परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

3- विश्वविद्यालय वैबसाइट में परीक्षा केन्द्रों की सूची (शहरों के नाम एवं कोड सहित) जारी की जा रही है। परीक्षार्थी इनमें से कोई भी शहर परीक्षा हेतु चुन सकते हैं, जिसका उल्लेख उन्हें संबंधित फार्म में अवश्य करना होगा ।

4- बैक परीक्षा आवेदन व सुधार परीक्षा आवेदन जमा करने की घोषित तिथियां निम्नवत है:

- **प्रारम्भ तिथि 01 फरवरी 2018 से 15 मार्च 2018 तक - बिना विलम्ब शुल्क के**
- **दिनांक 16 मार्च 2018 से 31 मार्च 2018 तक - विलम्ब शुल्क रू0 250/- के साथ**

5- परीक्षा केन्द्र शहर का नाम परिवर्तन करने की अन्तिम तिथि – **दिनांक 31 मार्च 2018 तक केवल ऑनलाइन प्रक्रियानुसार।**

6- मुख्य परीक्षा से संबंधित परीक्षार्थी यदि उक्त परीक्षा में सम्मिलित नही हो रहा है और वह जमा परीक्षा शुल्क को अगले सत्र (केवल 6 माह) के लिए सुरक्षित रखना चाहते है ऐसे परीक्षार्थी **दिनांक 31 मार्च 2018 तक केवल ऑनलाइन आवेदन** कर सकते है।

*** बिन्दु न0 05 व 06 के लिए केवल ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से ही फार्म भरा जायेगा। फीस अगले सत्र में सम्मिलित करने व परीक्षा केन्द्र शहर परिवर्तन करने हेतु ऑनलाइन लिंक को OTP पासवर्ड से जोड़ा गया है , परीक्षार्थी के मोबाइल में (जो वि0वि0 को उपलब्ध कराया गया है) एस0एम0एस0 (पासवर्ड) आयेगा उस पासवर्ड को अंकित करने के उपरांत ही परीक्षार्थी फीस सुरक्षित करने व परीक्षा केन्द्र शहर परिवर्तन कर सकेगे।**

-क्रमशः:-

7- प्रवेश पत्र जारी होने के उपरांत **विशेष परिस्थिति** (जैसे- मेडिकल प्रॉब्लम व स्थानानतरण) में यदि परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्र परिवर्तन करना चाहते है तो वह विश्वविद्यालय नियमानुसार रू0 500/- शुल्क जमा करेंगे व परिस्थितियों से संबंधित प्रपत्रों आदि को जमा करने के उपरांत विश्वविद्यालय द्वारा ही परीक्षा केन्द्र परिवर्तन किया जायेगा।

परीक्षा नियंत्रक

<u>प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :</u>

1- समस्त क्षेत्रीय कार्यालय व अध्ययन केन्द्र उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय को सूचनार्थ व आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
2- आई0सी0टी0 अनुभाग को इस आशय के साथ कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय वैबसाइट पर उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें।
3- आर0एस0डी0 अनुभाग को इस आशय के साथ कि वह उक्त सूचना को सभी क्षेत्रीय कार्यालयों व अध्ययन केन्द्रों को मेल के माध्यम से सूचित करवायें।
4- कुलपति महोदय के विशेष कार्याधिकारी को कुलपति जी के सूचनार्थ।
5- कुलसचिव कार्यालय।
6- लोक सूचना अनुभाग।
7- संबंधित पत्रावली ।

परीक्षा नियंत्रक

Teenpani Bypass Road,T.P.Nagar, Haldwani-263139
Nainital (Uttarakhand) Phone No. +91-5946-286022 Fax No. 264232
Websit:www.uou.ac.in, E-mail: info@uou.ac.in